**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.10.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश के 6 बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का शिमला के रिज मैदान पर हुआ अनावरण– कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे मौजूद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं पर राजनीतिक बयानबाज़ी करने का लगाया आरोप– कहा– चुनावी गारंटियों पर मौन रहे नेता।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भर्ती और मरम्मत कार्यों में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

**और**

- वस्तु व सेवाकर सुधारों से प्रदेश के कारीगरों व औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ी राहत।

---------

**प्रतिमा अनावरण**

प्रदेश के 6 बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित दौलत सिंह पार्क में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने आज अनावरण किया। इस दौरान कांग्रेस महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कांग्रेस नेता सचिन पायलट, दीप्रेंद हुड्डा, पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व लोग मौजूद रहे। इस दौरान स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वीरभद्र सिंह का आधुनिक हिमाचल के निर्माण में अहम योगदान है और उनके सम्मान में रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वीरभद्र सिंह के विकास के मार्ग को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

***स्थापित नेता के रूप में, सड़कों के नेता के रूप में,बिजली के नेता के रूप में और विकास के नेता के रूप में जानते हैं। मेरा हमेशा उनके कई मुद्दों पर बातचीत होती थी और बाद में हम जो वो दिशा निर्देश देते थे उनके अनुसार हम आगे का काम करते थे। राजा वीरभद्रसिंह जी,जहां भी चाहते थे। कोई ना कोई न योजनाएं शुरु करते थे। उनका एक नारा था कि किसी भी बच्चे को चाहे वो पांचवीं क्लास का है चाहे वो पहली क्लास का है उसके लिए मुझे अगर***

***एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलना पड़े तो मैं उस एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलूंगा और इसको उन्होंने साबित किया है।***

इस मौके पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि वीरभद्र सिंह जनता के नेता थे और मुख्यमंत्री रहते हुए भी वे आम व्यक्ति की तरह लोगों के बीच रहते थे। उन्होंने केंद्र सरकार पर हिमाचल के साथ भेदभाव के आरोप भी लगाए।

***राजनीति में कम मिसाल है जो सच्चाई के रास्ते पर चलते हैं, जो रास्ता वीरभद्र जी ने यहां हिमाचल की जनता को दिखाया, उस रास्ते पर चलने वाले बहुत कम नेता रह गए हैं हमारे देश और असलियत ये है कि हमारे देश को आज सबसे ज्यादा जरूरत कि हम सही तरह की राजनीति, सही तरह की विचारधारा, देश की एकता के लिए, देश को आगे बढ़ाने के लिए हम निभाए।***

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता शिमला में एक सरकारी कार्यक्रम के नाम पर राजनीतिक बयानबाज़ी कर गए हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों को दी गई झूठी गारंटियों के बारे में कोई बात नहीं की, जिससे लोग अब ठगा महसूस कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सरकारी मंच से राजनीतिक लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रभावितों के लिए केंद्र सरकार ने भरपूर मदद की है और 5 हज़ार 5 सौ करोड़ से ज़्यादा की आर्थिक सहायता प्रदेश को आपदा के नाम पर दी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस धनराशि में से राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को 3 सौ करोड़ रूपये भी नहीं दे पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले कल प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के लिए एक हज़ार 3 सौ 61 आवास बनाने के लिए 34 करोड़ और एकीकृत बागवानी मिशन के लिए 25 करोड़ केंद्र द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि समय–समय पर हिमाचल को केंद्रीय सहायता मिलती रहती है, बावजूद इसके मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री आभार व्यक्त करने की बजाय केंद्र को कोसते हैं।

**बिंदल**

प्रदेश भाजप अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनाव के दौरान लोगों को दी गई गांरटियों के नाम पर मौन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष बीत चुके हैं मगर अभी तक कोई भी गारंटी पूरी नहीं की हैं और केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र को कोसने में लगे हैं।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अधिकारियों को भर्ती और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में शिक्षा विभाग में विभिन्न योजनाओं, भर्ती प्रक्रियाओं और अवसंरचना कार्यों की प्रगति

की समीक्षा को लेकर आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी स्वीकृत पदों को तुरंत राज्य चयन आयोग और प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजने के निर्देश दिए ताकि भर्ती प्रक्रिया में देरी न हो और स्कूलों में खाली पद शीघ्र भरे जा सकें। शिक्षा मंत्री ने हाल ही में प्राकृतिक आपदाओं से स्कूलों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**मानदेय**

राज्य सरकार ने नगर परिषदों और नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के मानदेय में वृद्धि की है। नगर परिषदों और नगर पंचायतों के जन–प्रतिनिधियों के बढ़े हुए मानदेय की दरें इस वर्ष एक अप्रैल से लागू होंगी। शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार सरकार ने पिछले वर्ष 25 जुलाई को जारी आदेश को रद्द करते हुए नई दरें निर्धारित की है।

**जीएसटी सुधार–हिमाचल प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। वस्तु और सेवा कर सुधार के प्रभावों की कड़ी में आज प्रस्तुत है सशोधित दरों से हिमाचल प्रदेश के उद्योगों को मिलने वाली मजबूती के बारे में ये रिपोर्ट –

***नए जीएसटी सुधार ने हिमाचल प्रदेश के कारीगरों, किसानों और औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ी राहत प्रदान की है। इन जीएसटी सुधारों के तहत कुल्लू, किन्नौ पट्टी और पश्मीना शॉल जैसे विभिन्न हस्त निर्मित उत्पादों पर कर की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। जीएसटी में की गई इस कर कटौती से कारीगरों की प्रतिस्पर्धात्मकता और उनकी आय दोनों में बढ़ोत्तरी हुई है। इसके साथ ही, कढ़ाईदार चंबा रुमाल, पारंपरिक चमड़े की चप्पीलें, लकड़ी की शिल्पी, धातु के बर्तन, मिट्टी के बर्तन और बांस की वस्तुएं भी अब 5 प्रतिशत जीएसटी दर का हिस्सा हैं। संशोधित जीएसटी दरों में इन सुधारों का उद्देश्य हजारों कारीगरों को समर्थन देने के साथ ही स्थानीय रूप से निर्मित फर्नीचर और स्मृति चिन्हों की मांग को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही कर में कमी से धातु के बर्तनों और मिट्टी के बर्तनों के उत्पादों के लिए भी एक अनुकूल बाजार तैयार हुआ है। जीएसटी सुधारों से जहां लोगों की आजीविका को बल दिया है वहीं हिमाचल प्रदेश को उभरते बाज़ारों और समृद्ध समुदायों वाली भूमि के रूप में विकसित होने में मदद की है।***

***<u>प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।</u>***

**<u>धर्मेन्द्रप्रधान–विकसित भारत बिल्डाथॉन</u>**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्रप्रधान ने कहा है कि भारत उत्पादन संचालित अर्थव्यवस्था के मार्ग से ही विकसित राष्ट्र बन सकता है। विकसित भारत बिल्डाथॉन–2025 का उदघाटन करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान आधारित सदी है और भारत इस ज्ञान आधारित विश्व और अर्थव्यवस्थाका नेतृत्व करने जा रहा है।

***<u>की ही आवश्यकता को आप लोग पूरा करोगे, दुनिया की आवश्यकता को, दुनिया की रिक्वायरमेंट को, यू ऑल आर गोइंग टू क्रिएट न्यू हिस्ट्री, न्यू मॉडल की आपसे अपेक्षा है, यू ऑल मस्ट बी थै कफुल टू अनरेबल प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी, ही एनविजन ए न्यू मॉडल अटल इनोवेशन मिशन थ्रू दिस हैकाथन मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट आज हम आयोजन किए हैं</u>***

---------------------------------------------------------------------------------------------------